बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

सं0सं0–10 / अति०प्रा०स्वा०केन्द्र–08–04 / 25(पार्ट)–**607(10)** पटना, दिनांक–**07.05.2025**

# आदेश

राज्य की जनता को स्थानीय स्तर पर बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से वर्त्तमान में पूर्वी चंपारण जिला के पताही प्रखंड मे अवस्थित स्वास्थ्य उपकेन्द्र–सह–हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, बखरी को अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, बखरी के रूप में उत्क्रमित किया जाता है।

2– उक्त उत्क्रमित किये गये अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का सचालन आमजनो के सहयोग से निर्मित "जनता अस्पताल" के भवन में किया जायेगा। आदेश निर्गत होने की तिथि से बखरी बाजार में अवस्थित "जनता अस्पताल" को "अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र–सह–हेल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर, बखरी" के नाम से जाना जायेगा।

3– प्रस्ताव एवं प्रारूप मे माननीय मंत्री, स्वास्थ्य का अनुमोदन प्राप्त है।

नीरज 07/05/2025

(नीरज कुमार)

**सरकार के अवर सचिव**

**ज्ञापांक**:–10 / अति०प्रा०स्वा०केन्द्र–08–04 / 25(पार्ट)–**607(10)** पटना, दिनांक–**07.05.2025**

**प्रतिलिपि**:–माननीय मंत्री, स्वास्थ्य विभाग के आप्त सचिव/अपर मुख्य सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/सचिव, स्वास्थ्य के प्रधान आप्त सचिव/विशेष सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी अपर सचिव, स्वास्थ्य विभाग/सभी विशेष कार्य पदाधिकारी, स्वास्थ्य विभाग/सभी निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवाएँ/सभी प्रभारी पदाधिकारी/प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–1, 2, 3, 4, 6, 7, 11, 12, 15 एवं 16, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:–कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति, पटना/प्रबन्ध निदेशक, बिहार चिकित्सा सेवाएँ एवं आधारभूत संरचना निगम लि०, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि**:–सभी प्रमंडलीय आयुक्त, बिहार/सभी जिला पदाधिकारी, बिहार/सभी क्षेत्रीय अपर निदेशक, बिहार/सभी क्षेत्रीय मलेरिया पदाधिकारी, बिहार/सभी सिविल सर्जन, बिहार/सभी अधीक्षक, जिला अस्पताल, बिहार/ सभी मुख्य मलेरिया पदाधिकारी, बिहार/सभी जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** :–आई0टी0 मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

नीरज 07/05/2025

सरकार के अवर सचिव